-:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 08.07.2026**

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **मा0 मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश के जनपद बांदा में आगमन के दृष्टिगत श्रीमान पुलिस अधीक्षक बांदा की अध्यक्षता में पुलिस एवं प्रशासन द्वारा संयुक्त रुप से ड्यूटी में लगे प्रशासनिक एवं पुलिस बल की ब्रीफिंग कर दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश।**

**विवरण-** आज दिनांक 08.07.2026 को माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश के दिनांक 09 जुलाई 2026 को जनपद बांदा में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत पुलिस एवं प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से ड्यूटी में लगे प्रशासनिक एवं पुलिस बल कि की गयी ब्रीफिंग। ब्रीफिंग में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल, अपर जिलाधिकारी श्री कुमार धर्मेन्द्र एवं अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) श्री मायाशंकर यादव द्वारा प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस दौरान कार्यक्रम स्थल, भ्रमण मार्ग, हेलीपैड, मोटरसाइकिल एस्कॉर्ट, मीडिया व्यवस्था एवं आपातकालीन कार्ययोजना का विस्तृत निरीक्षण एवं मूल्यांकन किया गया। अधिकारियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के सभी महत्वपूर्ण पहलुओं, जैसे भीड़ प्रबंधन, यातायात संचालन, वीआईपी सुरक्षा, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र की गहन समीक्षा की गई, जिससे माननीय मुख्यमंत्री का प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम सुरक्षित, व्यवस्थित एवं सकुशल संपन्न कराया जा सके। पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल ने सभी राजपत्रित एवं अराजपत्रित पुलिस अधिकारियों तथा ड्यूटी में नियुक्त पुलिस बल को संबोधित करते हुए कार्यक्रम स्थल, भ्रमण मार्ग एवं हेलीपैड पर त्रिस्तरीय एवं चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उच्च स्तर की सतर्कता, अनुशासन, समन्वय एवं संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा प्रत्येक ड्यूटी प्वाइंट पर निर्धारित सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर सुश्री मेविस टॉक, जनपद बांदा के अन्य प्रशासनिक/शासनिक अधिकारी व अन्य जनपदों से आये पुलिस के राजपत्रित अधिकारीगण/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।